# होटल में चल रहे प्रार्थना के कार्यक्रम में बवाल

**खास बातें**

- दोनों पक्ष पहुंचे सिविल लाइन थाने, पुलिस ने जांच में लिया मामला
- आरोप धर्म परिवर्तन कराया जा रहा- आयोजक बोले धार्मिक पर्व मनाया जा रहा





नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 दिसम्बर, गुरूवार को क्रिसमस के मौके पर वायपास स्थिल हवेली रेस्टोरेंट में चल एक कार्यक्रम में उस समय विवाद की स्थिति बन गई जब हिंदुवादी संगठन के कुछ कार्यक्रम में पहुंचे और यह आरोप लगा दिए कि यहां पर धर्मपरिवर्तन कराया जा रहा है.इन आरोपों को कार्यक्रम के आयोजकों ने सिरे से नकार दिया. और कहा यहां पर सिर्फ प्रर्थाना की जा रही है. जिसमें कई लोग शामिल हुए है. बढ़ते विवाद को देख पुलिस को सूचना दी गई.**

मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है. बजरंग दल के कार्यकर्ता सूचना पर मौके पर उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्यक्रम की आड़ में धर्मांतरण कराया जा रहा है। उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि धार्मिक धोखे को रोका जा सके.बजरंग दल जिला संयोजक ने कहा कि हमें जानकारी मिली थी कि यहां संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं. इसलिए हमने इसका विरोध किया. स्थिति बिगड़ती देखकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों ही पक्षों को समझाइश के लिए सिविल लाइन थाने ले जाया गया. जहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की. होटल संचालक विनीत दांगी का कहना है कि हमने केवल होटल उपलब्ध कराई थी.कार्यक्रम की जानकारी हमें नहीं थी.इधर, क्रिसमस समारोह में शामिल लोगों ने कहा कि यह एक धार्मिक पर्व का उत्सव था. यहां किसी पर कोई दबाव या प्रलोभन नहीं दिया गया, उल्टा हमारे साथ ही दुर्व्यवहार किया गया मारपीट की गई. स्थानीय महिला का कहना है कि हम शांति से प्रार्थना और उत्सव मना रहे थे, धर्म बदलवाने का सवाल ही नहीं उठता. वहीं अन्य महिला ने बताया कार्यक्रम में आए कुछ लोग धक्का-मुक्की करने लगे. पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज कर ली गई हैं और जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा.



विदिशा. जिले के चर्चों सहित अन्य जगह हर्षोल्लास से मना क्रिसमस का पर्व.

## ऑनलाइन फ्रॉड, 1 झटके में खाते से गए 46 हजार

**सायबर सेल ने शुरू की जांच, ओटीपी से हुई ठगी**

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, सायबर ठगी से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है इसके बाद भी लोग सायबर ठगी के शिकार हो रहे हैं. सायबर ठग नए नए तरीको से लोगों को झांसा देकर उनको ठग रहे हैं. ऐसा ही मामला सिविल लाइन इलाके में आरएमपी नगर से सामने अया है जहां पर एक युवक को ठगों ने आन लाइन 46 हजार की चपत लगा दी. आरएमपी नगर में रहने वाले हल्केश बघेल के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल और पुलिस को की है. उन्होंने बताया कि कल शाम से लगातार उन्हें विभिन्न प्रकार की ओटीपी मिल रही थी. आज भी ओटीपी आई थी. अलग-अलग समय में उनके खाते से अलग-अलग राशि निकल गई कुल मिलाकर उनके खाते से 46000 से ज्यादा की राशि निकाली गई है तुरंत ही मामले की शिकायत पुलिस से की गई. जिसके बाद सायबर सेल की टीम ने मामले को जांच में ले लिया.

## खाद विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय खाद विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कराया गया.यह निरीक्षण संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में किया गया.निरीक्षण के दौरान खाद की उपलब्धता, गुणवत्ता, स्टॉक की स्थिति, दर सूची का प्रदर्शन, लाइसेंस एवं अभिलेखों की जांच सहित शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन की समीक्षा की गई. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसानों को निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जा रही है तथा किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न हो.कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि खाद विक्रय केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा अनियमितता पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाए. इस कार्रवाई का उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना तथा जिले में पारदर्शी एवं सुचारु वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करना है.




## स्टाम्प वेंडरों का स्थल निरीक्षण रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शमशाबाद में एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने गुरूवार को स्टाम्प वेंडरों के स्थलों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अधिकांश स्टाम्प वेंडरों के यहां निर्धारित दर सूची (रेट लिस्ट) चस्पा नहीं की गई थी, जो नियमानुसार अनिवार्य है. श्री पटेल ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्टाम्प वेंडरों को तत्काल प्रभाव से अपनी-अपनी दुकानों पर शासन द्वारा निर्धारित दर सूची स्पष्ट एवं प्रमुख स्थान पर चस्पा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि रेट लिस्ट चस्पा होने से आम नागरिकों को सही जानकारी मिलती है तथा अनियमितताओं पर अंकुश लगता है. निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में पुनः निरीक्षण के समय यदि निर्देशों का पालन नहीं पाया गया तो संबंधित स्टाम्प वेंडरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

## जो भी सामान खरीदें उसका बिल जरूर लें

**उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 दिसम्बर, उपभोक्ता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रमजालोरी गार्डन में एक दिवसीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जागरूक नागरिक होने की आयामों को रेखांकित किया है.**

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता ठगी के शिकार ना हो इसके लिए दी जाने वाली जानकारी का पालन क्रियान्वित सामग्री के दौरान अवश्य करें. विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे है इन सबके पीछे यही मंशा है कि उपभोक्तागण ठगी से बच सकें. उपभोक्ता स्वंय जागरूक हो ऐसी ही प्रेरणा अन्य को दें.उन्होंने कहा कि हर सामग्री जो क्रय की जाती है उसका पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें जिससे शासन को मिलने वाले विभिन्न प्रकार के करो की प्राप्ति हो सकें वहीं क्रय सामग्री पूर्ण गुणवत्ता पर खरी ना उतरे तो हमें उसे उपभोक्ता में दायर करने के लिए बिल अति आवश्यक है.कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने सम्बोधित किया. उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की धोखाधडी से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें की जानकारी दी गई.वहीं ऑन लाइन क्रय सामग्री के दौरान बरती जाने वाली सावधानी तथा नकली खाद पदार्थो की धरपकड़ कराने में उपभोक्ताओं की भूमिका को रेखांकित किया गया है. कार्यक्रम को जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य नेहा मिश्रा, खाद्य औषधी प्रशासन निरीक्षक संदीप वर्मा, नापतौल निरीक्षक तथा रिजर्व बैंक की प्रतिनिधि कल्पना सक्सेना के द्वारा विभागीय कार्यो के माध्यम से जागरूकता संदेशो को सांझा किया गया है इस दौरान ओपी चतुर्वेदी, ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया.



## केन्द्रीय अवर सचिव स्तर के अधिकारियों का भ्रमण आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा, भारत सरकार, सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान द्वारा प्रायोजित स्टेट अटेचमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद आज शुक्रवार को जिले में क्रियान्वित केन्द्रीय व राज्य स्तरीय योजनाओं व कार्यक्रमों का भ्रमण कर जायजा लेंगे.**

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि 6 सदस्यीय दल में भारत सरकार, सविचालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान से भारत सरकार के हाल ही में पदोनन्त अवर सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। जोजिले के प्रशिक्षण भ्रमण पर रहेंगे. प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य जिलों मे केन्द्र की योजनाएं एवं मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं के अध्ययन करना है प्रतिभागियों को इस हेतु जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड स्तर ग्रामीण पदाधिकारी व अधिकारियों एवं हितग्राहियों से चर्चा कर प्रतिवेदन तैयार करना होगा यह प्रतिवेदन भारत सरकार को प्रस्तुत किया जावेगा. केंद्र व राज्य की जिन योजनाओं का दलीय सदस्यों द्वारा भ्रमण कर जायजा लेंगे उनमें प्रमुख रूप से लाड़ली लक्ष्मी योजना,लाड़ली बहना योजना,मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना,मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना,मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान , कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी लेगें.

## अटल जी को किया याद, विधायक ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर अहमदपुर रोड स्थित अटल पार्क में उनकी प्रतिमा पर विधायक मुकेश टंडन ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विधिवत माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए.**

इस अवसर पर विधायक श्री टंडन ने कहा कि अटल जी के विचार, आदर्श और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं. उनका जीवन सेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण का जीवंत उदाहरण है साथ ही स्मृति पर्व अटल जयंती के उपलक्ष में अटल बिहारी वाजपई पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की एवं वृक्षारोपण भी किया गया.



इसी क्रम में माधवगंज स्थित मालवी पार्क में महान शिक्षाविद् एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.तत्पश्चात, अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर स्मृति पर्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें अटल जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के लिए किए गए योगदान को दर्शाया गया.कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी, दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान बेस नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वेत्रवती नगर मंडल के अध्यक्ष प्रशांत खत्री अहमदपुर मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर किरार वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज पांडे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष निरपत सिंह कुशवाहा मंजरी जैन कृष्ण कुमार गुप्ता ,पार्षद राजू डांगी रामप्रसाद पासी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया.

## न्यायिक सेवाओं को मिलेगी डिजिटल मजबूती

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले के पोर्टफोलियो जज एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद सिंह बहरावत द्वारा बुधवार को जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आशुतोष मिश्र एवं विशेष न्यायाधीश जी.सी. शर्मा भी उपस्थित रहे.**

उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत न्यायालय परिसर में अन्य न्यायाधीशगण, अभिभाषक संघ जबलपुर के अध्यक्ष ज्ञानसिंह जैन, विदिशा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा, अभिभाषकगण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण द्वारा पौधरोपण कार्य में सहभागिता निभाई करते पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया. न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत ने ई-सेवा केन्द्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस केन्द्र पर नागरिकों एवं अभिभाषकों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति, सुनवाई की अगली तिथि, न्यायाधीशों के अवकाश संबंधी जानकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ी सूचनाएँ सहित अन्य न्यायिक सेवाएं सुलभ रूप से प्राप्त हो सकेंगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने बताया कि ई-सेवा केन्द्र का निर्माण माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशन में किया गया है, जिसका उद्देश्य अभिभाषकगण एवं पक्षकारगणों को न्यायालयीन प्रक्रियाओं की जानकारी सहज, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से उपलब्ध कराना है.उन्होंने बताया कि यह पहल न्यायिक व्यवस्था को और अधिक डिजिटल, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.



## सांची रामलीला में अहिल्या उद्धार व जनकपुर भ्रमण लीला का मंचन

नवभारत न्यूज

**सांची,** सांची रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत आज अहिल्या उद्धार, जनकपुर भ्रमण एवं वाटिका मिलन की लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया गया.इन दृश्यों को देखने बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला मैदान पहुंचे.आज नगर का साप्ताहिक हाट बाजार होने के कारण रामलीला आयोजन स्थल के आसपास स्तूप रोड एवं सांची गांव रोड पर भी विशेष चहल-पहल रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा.आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम सांची रामलीला में निरंतर देखने को मिल रहा है.



## एसआईआर में प्रारूप मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

नवभारत न्यूज

सिरोंज, मंगलवार को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन मतदान केन्द्रों, कार्यालय के नोटिस बोर्ड ग्राम पंचायत भवन, नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा जनपद पंचायत के कार्यालय पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के बीएलए एवं मतदान केन्द्र अंतर्गत निवासरत मतदाताओं की उपस्थिति में किया गया. अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिरोंज ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समस्त मतदाता, आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन कर अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि कर सकते है. मतदान केन्द्र के अलावा प्रारूप निर्वाचक नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में अवलोकन कर सकते हैं. अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है. प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत दावे आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक किया जाएगा.

**पंचायत** | **पुलिस की पंचायत में आ रहे जमीन विवाद के ज्यादा मामले**

## अपने ही मकान में सीढ़ियों पर नहीं चढ़ने देते बेटे-बहू

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में पंचायत कोर कमेटी सदस्य आर. कुलश्रेष्ठ, अतुल शाह, प्रमोद व्यास, डॉ. सचिन गर्ग एवं विनोद शाह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न पारिवारिक एवं सीनियर सिटीजन से जुड़े प्रकरणों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई कर समाधान किया गया. सीनियर सिटीजन महिला द्वारा बहू से निरंतर विवाद की शिकायत की गई थी. सुनवाई में घर के ऊपर-नीचे एक ही रास्ते से विवाद की स्थिति सामने आई.पंचायत की समझाइश पर दोनों पक्षों ने झगड़ा न करने पर सहमति जताई तथा बेटे द्वारा अलग सीढ़ी निर्माण का निर्णय लिया गया.एक प्रसिद्ध मंदिर के 71 वर्षीय पुजारी द्वारा निवास एवं पूजा अधिकार में बाधा की शिकायत की गई थी.पंचायत के समक्ष दोनों पक्षों में सहमति बनी और सीनियर सिटीजन की समस्या का संतोषजनक समाधान हुआ, गुलाबगंज निवासी बुजुर्ग महिला द्वारा बेटे द्वारा मारपीट एवं घरेलू सामान रोके जाने की शिकायत पर पंचायत ने सख्त रुख अपनाया. बेटे को कड़ी फटकार लगाते हुए सामान तत्काल लौटाने एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रताड़ना न करने के निर्देश दिए गए, जिस पर उसने सहमति दी. गंजबासौदा निवासी सीनियर सिटीजन द्वारा संपत्ति दिए जाने के बाद भी परेशान किए जाने की शिकायत पर पंचायत ने दोनों पक्षों की सुनवाई की. निर्णय हुआ कि बेटा शेष संपत्ति पर कब्जा नहीं करेगा तथा आगामी चार माह में पृथक व्यवस्था करेगा.





## किसान दिवस पर किया किसानों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, किसान दिवस के अवसर पर भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल द्वारा क्षेत्र के किसानों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर श्री पालीवाल खेत-खेत जाकर किसानों से मिले. और उन्हें मिठाई खिलाकर किसान दिवस की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कंबल भेंटकर किसानों का स्वागत किया.**

कार्यक्रम के दौरान श्री पालीवाल ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है. और उसकी मेहनत से ही समाज एवं राष्ट्र का विकास संभव है. भारतीय किसान संघ सदैव किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करता रहेगा. किसानों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.